15.12.2024 आकाशवाणी भोपाल 7.10PM

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- ऽ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ग्वालियर में विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल।
- ऽ विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से होगा शुरू। पांच दिवसीय सत्र में 8 विधेयकों पर होगी चर्चा।
- ऽ मुख्यमंत्री ने ग्वालियर में युवा संवाद कार्यक्रम में लिया हिस्सा। तानसेन समारोह का किया शुभारंभ।
- ऽ प्रदेश में भोपाल, सीहोर सहित 9 जिलों में शीतलहर के लिए ओरेंज अलर्ट जारी। पचमढ़ी में तापमान एक डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा।

प्रधानमंत्री खजुराहो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 दिसंबर को बुंदेलखंड अंचल नदी जोड़ो परियोजना केन-बेतवा लिंक की आधारशिला रखने के लिए खजुराहो आ रहे हैं। इसके पहले खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने आज तैयारी का जायजा लिया, बुंदेलखंड अंचल के सभी विधायकों संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

उपराष्ट्रपति- ग्वालियर

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ग्वालियर में देश के पहले भू-विज्ञान संग्रहालय का आज उदघाटन किया। राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा ग्वालियर नगर निगम के सहयोग से तैयार किए गए देश के इस पहले अत्याधुनिक एवं अद्‌भुत जियो साइंस म्यूजियम में पृथ्वी की उत्पत्ति, मानव जाति एवं मानव सभ्यता का विकास और ब्रम्हाण्ड से जुड़ीं अनूठी जानकारियाँ समाहित हैं। म्यूजियम में डायनासोर का अण्डा सहित कीमती वस्तुएँ पर्यटकों को देखने के लिये उपलब्ध हैं।

उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने जीवाजी विश्वविद्यालय में महाराज श्रीमंत जीवाजीराव सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण भी किया। इस अवसर श्री धनखड़ ने कहा कि आज ऐसी व्यवस्था निर्माण की गई है कि विद्यार्थी अपने प्रतिभा का पूरा उपयोग कर सकते है और अपने स्वप्न पूरा कर सकते है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि पहले भ्रष्टाचार से प्रतिभा दब जाती थी अब बदलाव आया, अब कानून के सामने सभी समान है। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ-अमित शाह

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने माओवादियों से हथियार डालने और समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की है। रायपुर में छत्तीसगढ पुलिस को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति निशान अलंकरण प्रदान करने के एक कार्यक्रम में श्री शाह ने कहा कि 31 मार्च 2026 से पहले छत्तीसगढ को नक्सल मुक्त बनाने के केन्द्र सरकार के संकल्प को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ पुलिस पूरी वीरता और समर्पण के साथ नक्सलरोधी अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ सरकार ने बहुत ही अच्छी समर्पण नीति तैयार की है और समर्पण करने वाले माओवादियों को अच्छा पैकेज मिलेगा। गृहमंत्री ने जगदलपुर में बस्तर ओलिम्पिक के समापन समारोह में भी हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री-मउगंज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मऊगंज जिले के नईगढ़ी के अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावास में कल देर रात सिलेंडर फटने से 8 छात्रों और एक रसोइये के घायल होने की घटना को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री अत्यंत गंभीर रूप से घायल छात्र को 2 लाख रूपये, गंभीर घायल छात्रों को 50-50 हजार रूपये और अन्य घायलों को नियमानुसार आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। घटना के बाद हॉस्टल अधीक्षक को निलंबित कर जांच समित का गठन किया गया है।

## पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में श्रोताओं के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी।

श्रोता हमारे टोल फ्री नम्बर 1800-11-7800 पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। आप अपने सुझाव नरेंद्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिये भी साझा कर सकते हैं। इस कड़ी के लिए सुझाव इस महीने की 27 तारीख तक भेजे जा सकते हैं।

## विधानसभा सत्र

प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से शुरू होने जा रहा है। सत्र की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने पांच दिनी सत्र की तैयारियों का आज निरीक्षण किया। उन्होंने सत्र के संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह के अनुसार 20 दिसंबर तक चलने वाले शीतकालीन सत्र में कुल पांच बैठके आयोजित की जाएंगी। अब तक विधानसभा सचिवालय को 1 हजार 766 प्रश्न प्राप्त हो चुके हैं। इस सत्र में आठ विधेयकों पर चर्चा भी की जाएगी। सत्र में महत्वपूर्ण मुद्दों पर आर्थिक, सामाजिक और कानून से जुड़े विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। विधानसभा सत्र के पहले दिन तीन नव निर्वाचित विधायक शपथ लेंगे।

इस बीच नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई है। कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष से सत्र की समय सीमा बढ़ाने की मांग की है।

## वीर बाल दिवस

सिक्खों के 10वें गुरु गोविंद सिंह जी के वीर पुत्रों, साहिबजादा ज़ोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान के मौके पर 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर प्रदेश के स्कूलों में वीर पुत्रों के बलिदान पर केन्द्रित आयोजन होंगे। चित्रकला, कहानी एवं निबंध लेखन की गतिविधियाँ स्कूलों में होंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि उनके जिले की शालाओं में प्रार्थना सभा में बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों की प्रेरणादायी कहानियाँ सुनाई जायें। साथ ही डलळवअ/डलठींतंज प्लेटफार्म पर आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों की अधिक से अधिक सहभागिता करायी जाये।

## युवा संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आद ग्वालियर में आयोजित 'वृहद युवा संवाद' में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों पर संवाद किया। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां समय की गणना के लिए प्राचीन विज्ञान मौजूद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति में सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने जनकल्याण पर्व के तहत ग्वालियर में विभिन्न कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। साथ ही स्वच्छता एप ग्वालियर मित्र को लांच किया।

## तानसेन समारोह

ग्वालियर में आज से तानसेन समारोह की शुरूआत हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तानसेन समाधी स्थल हजीरा पर इसका उद्घाटन किया। इससे पहले ग्वालियर किले में आयोजित वृहद समवेत वाद्य यंत्र प्रस्तुति का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समवेत प्रस्तुति में विविध वाद्य यंत्रों का एक साथ वादन कर विश्व रिकार्ड बनाया गया।

## मौसम

प्रदेश में लगातार बर्फीली हवाएं चल रही है, जिससे पचमढ़ी और शहडोल के कल्याणपुर में न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। उमरिया, मंडला, शाजापुर के गिरवर और अमरकंटक में भी तापमान 2 से 3 डिग्री दर्ज किया गया है। प्रदेश के भोपाल, सीहोर, शहडोल, जबलपुर में तीव्र शीतलहर का प्रभाव बना हुआ है। भोपाल में कल न्यूनतम तापमान 4 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने शाजापुर उमरिया, भोपाल, मंडला, रायसेन सहित 9 जिलों के लिए तीव्र शीतलहर और पाला पड़ने का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 34 जिलो के लिये शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इनमें देवास, नरसिंहपुर, डिंडोरी, सागर, श्योपुर आदि जिले शामिल हैं।

समाचार संक्षेप में .....

ऽ महाराष्ट्र में आज 39 मंत्रियों ने शपथ ली। नागपुर के राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 33 कैबिनेट और 6 राज्यमंत्रियों को शपथ दिलाई। विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से नागपुर में होगा।

ऽ जबलपुर में ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य है कि सभी लोग बिजली का उचित उपयोग करें जिससे ऊर्जा संरक्षण में मदद मिल सके।

ऽ आई.आर.सी.टी.सी. द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। 02 जनवरी को इंदौर शहर से "दक्षिण दर्शन यात्रा" के लिए यह ट्रैन रवाना होगी। 10 दिनों की इस यात्रा में तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरई, कन्याकुमारी एवं त्रिवेन्द्रम का भ्रमण कराया जाएगा।

ऽ भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्यप्राणी पर्दे सर्दी से बचाने के लिए पर्दे लगा दिए गए हैं। साथ ही हीटर और ब्लोअर भी लगाए जा रहे हैं।

ऽ आगरमालवा मे कल बालिका छात्रावास में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और समस्याओं वाली बालिकाओं का कार्ड बनाया गया जिनका उपचार जिला चिकित्सालय में किया जाएगा।

ऽ खंडवा मे शीतलहर को देखते हुए सभी प्राइमरी और मिडिल स्कूल सुबह 9 बजे बाद ही खुलेगे यह आदेश निजी व सरकारी सहित सीबीएसई स्कूल समान रूप से लागू होगा।

ऽ शिवपुरी जिले में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत किसानों से आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। 16 से 20 दिसम्बर के बीच योजना में आवेदन किये जा सकते हैं।

ऽ भारत और आस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे तीसरा क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन आज आस्ट्रेलिया ने 7 विकेट पर 405 रन बना लिये हैं।

....................